हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

THE EPICENTRE OF SOURCING
HOME | INTERIORS | FURNITURE | FURNISHINGS | FASHION | GIFTS | HOSPITALITY
registration : springfairdelhi.com/register
IHGF delhi fair spring
16–19 APRIL 2025

## प्रेस विज्ञप्ति – पहला दिन

## 59वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2025

## 16 से 19 अप्रैल 2025; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

## भारत सरकार के माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2025 का उद्घाटन किया

## मेले में पहले दिन भारत के प्रमुख बाजारों से बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे

दिल्ली/एनसीआर- 16 अप्रैल 2025- हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित 59वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले का आज भारत सरकार के माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने उद्घाटन किया। यह मेला 16 से 19 अप्रैल 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह प्रदर्शनी हॉल में भी गए और मेले में शिरकत कर रहे सहभागियों से बात की ।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि वो वैश्विक स्तर पर सराहे जाने वाले इस मंच का हिस्सा बन कर गौरवान्वित हैं, जो भारत की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा का उत्सव मनाता है और साथ ही उन्होंने इस मेले को एक प्रमुख सोर्सिंग गंतव्य बनाने और दुनिया भर के खरीदारों, डिजाइनरों और उद्योग जगत के दिग्गजों को आकर्षित करने वाले मेले के रूप में बदलने के लिए ईपीसीएच को बधाई दी।

मेले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए श्री गिरिराज सिंह ने कहा, "आज, दुनिया हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित उत्पादों को अपना रही है, जो कि शिल्प के प्रत्येक उत्पाद में छिपे हुनर, अनुभव और मेहनत को सच्चा सम्मान देना है। हाल ही में एक एक्सपो के दौरान, एक अमेरिकी व्यवसायी ने हमें आश्वस्त किया कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद इन उत्पादों की मांग बनी रहेगी। पारंपरिक शिल्प कला में भारत की विशेषज्ञता हमें प्रतिस्पर्धा के स्तर पर बढ़त देती है, और अपनी इस ताकत और क्षमताओं के बल पर हम 80% बाजार में उन्नति की ओर अग्रसर हैं।"

सस्टेनेबिलिटी और इको-फ्रेंडली मैन्युफैक्चरिंग की ओर विश्व स्तर पर हो रहे बदलावों पर जोर देते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि भारत इस दिशा में नवाचार और नैतिक रूप से तैयार समाधान प्रदान करने की अच्छी स्थिति में है। वैश्विक व्यापार के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर, उन्होंने यह माना कि भारतीय निर्यात पर अमेरिका के बढ़ाए गए टैरिफ का असर पड़ा है, हालांकि इसके साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भारत सरकार निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए द्विपक्षीय वार्ताओं और नीतिगत उपायों के माध्यम से सक्रिय रूप से इस पर काम कर रही है। उन्होंने निर्यातकों से आग्रह किया कि वे बाजारों में विविधता लाएं, एफटीए की संभावनाओं का पता लगाएं और अपने प्रॉडक्ट लाइन का विस्तार करें, जिससे विकास की गति बनी रहे। श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, वित्तीय सहायता, डिजाइन इनोवेशन और डिजिटल आउटरीच के जरिए हस्तशिल्प क्षेत्र को लगातार अपना सहयोग दे रही है।

आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2025 के उद्घाटन समारोह में ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद; आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्वागत समिति स्प्रिंग 2025 के अध्यक्ष श्री निर्मल भंडारी; ईपीसीएच के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना; ईपीसीएच के उपाध्यक्ष II श्री सागर मेहता; ईपीसीएच के सीओए सदस्य श्री अवधेश अग्रवाल, श्री रवि के पासी, श्री ओ पी प्रह्लादका, श्री राजेश जैन, श्री के एन तुलसी राव और श्री प्रिंस मलिक; मेला स्वागत समिति के उपाध्यक्ष श्री नदीम अहमद खान और श्री कमल कौशल वार्ष्णेय; ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा और अन्य जानेमाने विदेशी खरीदार, भारत के खरीद एजेंट और ईपीसीएच के प्रमुख सदस्य निर्यातक भी मौजूद थे। मेले के इस संस्करण में यहां पूरी तरह से समर्पित 16 हॉल में 3,000 से अधिक प्रदर्शक जुटे हैं, जहां होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्नीशिंग, फर्नीचर और इंटीरियर सेगमेंट के कड़ी मेहनत से बनाए गए उत्पादों की विस्तृत प्रदर्शनी लगाई गई है। हॉल में

प्रदर्शक बूथों के अलावा, आगंतुक इंडिया एक्सपो सेंटर के विभिन्न मंजिलों पर मौजूद प्रमुख निर्यातकों के 900 मार्ट/स्थायी शोरूम में भी जा सकते हैं, जो सोर्सिंग के दिनों के लिए पूरी तरह से तैयार और सुसज्जित हैं।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण और उद्यमियों, निर्यातकों और कारीगरों को जोड़ने की बेजोड़ क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध आईएचजीएफ दिल्ली मेला, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के बीच भारतीय उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता, खास डिजाइन, और विश्व स्तर पर मार्केटिंग क्षमता के प्रति विश्वास को लगातार और मजबूत बना रहा है। अपने प्रत्येक संस्करण के साथ ही यह मेला व्यापार के नए अवसरों के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है और हर बार उत्पादों की लगातार बढ़ती रेंज की पेशकश करते हुए नए व्यापारिक संबंध बनाता है।"

विश्व स्तर पर जारी अनिश्चितताओं और बदलावों के इस दौर को संबोधित करते हुए श्री बैद ने कहा, "हालांकि अमेरिका ने हाल ही में भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए हैं, जिससे नई चुनौतियां पैदा हुई हैं, इसके बावजूद अमेरिकी खरीदारों की ओर से मेले के इस संस्करण के लिए किए गए रजिस्ट्रेशन पहले की तरह ही बने हुए हैं, जो भारतीय शिल्पकारी के प्रति अंतरराष्ट्रीय बाजारों के विश्वास को दर्शाता है। भारत सरकार के निरंतर समर्थन और अमेरिका के साथ पारस्परिक लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के सहयोग से, हमें पूरा यकीन है कि हम आने वाले वर्षों में अपने निर्यात को और विस्तार देंगे।"

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "अपने प्रत्येक संस्करण के साथ आईएचजीएफ दिल्ली मेले ने अपने विस्तार और प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की अगुवाई में चलाए गए व्यापक वैश्विक प्रचार अभियान की वजह से मेले के पहले ही दिन बड़ी संख्या में पंजीकृत विदेशी खरीदार, थोक विक्रेता और खुदरा विक्रेता उमड़ पड़े। अपने विश्वस्तरीय बुनियादी ढाचों से सुसज्जित इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट इस भव्य मेले के आयोजन के लिए लगातार एक आदर्श स्थल के रूप में काम कर रहा है। जहां खरीदारों की सोर्सिंग के अनुभव को और समृद्ध बनाते हैं यहां मौजूद 900 स्थायी मार्ट शोरूम, जो भारत के अग्रणी हस्तशिल्प निर्यातकों द्वारा संचालित हैं। डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "यह बेहद खुशी की बात है कि मार्ट मालिक, आईएचजीएफ दिल्ली मेले से मिल रहे निर्यात अवसरों का सक्रिय तौर पर लाभ उठा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ दीर्घकालिक एवं पूरे वर्ष चलने वाले व्यापारिक संबंध बना रहे हैं।"

आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2025 के स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री निर्मल भंडारी ने कहा, “आईएचजीएफ दिल्ली मेले के अनुभव को और समृद्ध बनाते हुए, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पगुरुओं को विशेष रूप से क्यूरेट की गई थीमैटिक सेटिंग में पेश किया गया है, यहां वो अपनी पारंपरिक शिल्प कौशल का लाइव प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए ये शिल्पगुरु देश की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं। ये शिल्पगुरु न केवल पीढ़ियों से चली आ रही जटिल तकनीकों को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि ऐसा करना आगंतुकों को इन दुर्लभ शिल्प रूपों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और अनुभव हासिल करने का अनमोल अवसर भी देती है। इनके लाइव प्रदर्शन में धातु पर उकेरने की महीनता, लाह की चूड़ियों के निर्माण, पश्मीना सोजनी की कढ़ाई, मधुबनी पेंटिंग, सिक्की घास कला और हैंड पेटिंग जैसी प्रतिष्ठित शिल्पकलाओं को शामिल किया गया है। इनमें से कई शिल्प कलाओं को जीआई टैग हासिल है, जो उनकी क्षेत्रीय मौलिकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रमाण है।"

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेले में हमारे प्रदर्शकों ने अपने उत्पादों के डिजाइन पर और उनको विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, ताकि वो बदलते वैश्विक मार्केट ट्रेंड और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की पसंद के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकें। नवाचार और गुणवत्ता के प्रति यह सक्रिय दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय हस्तशिल्प के जुड़ाव को और मजबूत बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की ओर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया इस संस्करण के प्रति बढ़ती सकारात्मक भावना को दर्शाती है। यही ऊर्जा भारत के प्रमुख रिटेल और ऑनलाइन ब्रांडों से आए नए और नियमित आगंतुकों में भी देखने को मिल रही है जो इस बात का प्रमाण है कि आज यह मेला, न केवल हस्तनिर्मित उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है, बल्कि नए ट्रेंड कलेक्शनों के लिए भी एक प्रमुख सोर्सिंग मंच के रूप में खुद को मजबूत बना रहा है।"

आईएचजीएफ दिल्ली मेले के 59वें संस्करण में सभी का स्वागत करते हुए ईपीसीएच के उपाध्यक्ष II श्री सागर मेहता ने कहा, "यह आयोजन देश के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित व्यापार मेलों में से एक है। यह हमारे सदस्य निर्यातकों की उद्यमशीलता और रचनात्मकता का एक बेजोड़ साक्ष्य है, जिन्होंने लगभग तीन दशकों से दुनिया के सामने अपनी अनूठी शिल्पकला और अनोखी पेशकश को पूरे विश्व के सामने गर्व से पेश किया है।" इसके बाद उन्होंने बताया कि अगले दो दिन विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, इनमें उत्पाद डिजाइन में एआईः भविष्य के ट्रेंड की नई परिभाषा; डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से व्यावसायिक लेनदेन की सुरक्षा; और निर्यात ऑपरेशन को और प्रभावकारी बनाने के लिए एआई-संचालित सॉफ्टवेयर का अधिकतम लाभ उठाना, शामिल हैं जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को नई तकनीकी समझ से लैस करना और उनके व्यापारिक निर्णय लेने की क्षमता को और सुदृढ़ बनाना है। इसके अलावा “आर्ट ऑफ अट्रैक्शन: प्रभावशाली बूथ डिजाइन और विजुअल मर्चेंडाइजिंग रणनीतियां", विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्रदर्शकों को उनके बूथ के प्रेजेंटेशन को और बेहतर बनाने और खरीदारों के साथ प्रभावशाली संवाद स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।”

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री. आर. के. वर्मा ने कहा, "ईपीसीएच पर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है, जो बीते तीन दशकों से आईएचजीएफ दिल्ली मेले में लगातार भाग लेते आ रहे हैं। इस संस्करण की शुरुआत भी बहुत ही उत्साहपूर्ण रही, जहां खरीदारों के रजिस्ट्रेशन और पूरे आयोजन स्थल पर एक जीवंत माहौल बना हुआ है, जहां पूरे दिन हॉल में हलचल और व्यापारिक संवाद का सिलसिला जारी रहा।"

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने की एक नोडल एजेंसी है, इसका उद्देश्य देश के विभिन्न शिल्प समूहों में होम, लाइफस्टाइल, टेक्स्टाइल, फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी और एक्सेसरीज उत्पादों को बनाने में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू को एक मजबूत ब्रांड छवि के रूप में स्थापित करना है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान हस्तशिल्प का अनुमानित अस्थायी (प्रोविजनल) निर्यात 33,490.79 करोड़ रुपये (3959.86 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करेः**
श्री. आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच
+91-9810697868

EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ




**PRESS RELEASE – Day 1**

**59th IHGF Delhi Fair – SPRING 2025**

**16th– 19th April 2025; India Expo Centre, Greater Noida**

# Shri. Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India, inaugurates IHGF Delhi Fair-Spring 2025

## Fair welcomes impressive number of buyers from India's leading markets on Day 1

**Delhi/NCR – 16th April 2025 -** The 59th IHGF Delhi Fair, organized by the Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), from 16th to 19th April 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida was inaugurated today by Shri. Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India. He also visited the exhibition halls and interacted with the participants.

He expressed pride in being part of this globally acclaimed platform that celebrates India's rich handicraft heritage and congratulated EPCH for transforming the fair into a premier sourcing destination, attracting global buyers, designers and industry leaders.

Addressing media persons at the fair, Shri Giriraj Singh said, "Today, the world is embracing handicrafts and handcrafted products, valuing the skill, expertise, and labor that goes into each piece. Recently, at an expo, an American businessman assured us that demand for such products will remain strong, despite market fluctuations. India's expertise in traditional crafts gives us a competitive edge, enabling us to thrive in 80% of the market, driven by our own strengths and capabilities."

Emphasizing the global shift towards sustainability and eco-friendly manufacturing, the Hon'ble Minister noted that India is well-positioned to offer innovative and ethically crafted solutions. In view of recent global trade developments, he acknowledged the impact of increased U.S. tariffs on Indian exports and assured that the government is actively engaging in bilateral discussions and policy measures to protect the interests of exporters. He also urged exporters to diversify markets, explore FTAs and expand product lines to maintain momentum. Shri Singh highlighted the government's continued support for the handicrafts sector through infrastructure development, financial aid, design innovation and digital outreach.

The IHGF Delhi Fair-Spring 2025 inauguration ceremony was also graced by Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH; Mr. Nirmal Bhandari, President, IHGF Delhi Fair Reception Committee Spring 2025; Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH; Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman II, EPCH; EPCH; COA Members including Mr. Avdesh

Aggarwal, Mr. Ravi K Passi, Mr. O P Prahladka, Mr. K L Ramesh, Mr. Rajesh Jain, Mr. K.N. Tulasi Rao and Mr. Prince Malik; Mr. Nadeem Ahmad Khan and Mr. Kamal Kaushal Varshney, Vice-Presidents Fair Reception Committee; Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH; and other prominent overseas buyers, buying agents from India as well as leading member exporters of EPCH. This edition has brought together 3000+ exhibitors in 16 dedicated halls for elaborate display segments of home, lifestyle, fashion, furnishing, furniture and interiors. Besides exhibitor booths in the halls, visitors have access to the 900 Marts/permanent showrooms of leading exporters, located on various levels of the India Expo Centre that are all decked up and replenished for the sourcing days.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH shared, "Renowned for its international appeal and unmatched ability to connect entrepreneurs, exporters, and artisans, the IHGF Delhi Fair continues to instil confidence among overseas buyers in the superior quality, distinct design and global marketability of Indian products. Each edition serves as a powerful catalyst for fresh business opportunities, forging new buyer relationships while offering an ever-expanding range of products." Addressing the backdrop of global uncertainty and transformation. Mr. Baid further shared, "While the recent reciprocal tariffs imposed by the U.S. on several countries, including India, have added new challenges, buyer registrations from the U.S. for this edition of the fair remain as strong as ever, reaffirming the confidence international markets place in Indian craftsmanship. With the continued support of the Government of India, and through a mutually beneficial bilateral trade agreement with the U.S., we are optimistic about expanding our export footprint in the years to come."

Dr. Rakesh Kumar, Director General, in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman-IEML, said, "With each successive edition, the IHGF Delhi Fair has witnessed remarkable growth in scale and stature. Backed by an extensive global publicity campaign led by the Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), the event has already attracted a large number of registered overseas buyers, wholesalers and retailers on its first day. The India Expo Centre & Mart, with its world-class infrastructure, continues to serve as the ideal venue for hosting this grand showcase. Further enriching the sourcing experience are the 900 permanent Mart showrooms, owned by some of India's leading handicraft exporters." Dr. Kumar further noted, "It is heartening to see more and more Mart owners actively leveraging the export opportunities that the IHGF Delhi Fair brings, building sustainable, year-round business linkages with international buyers."

Mr. Nirmal Bhandari, President, IHGF Delhi Fair-Spring 2025, Reception Committee, informed, "Adding depth and authenticity to the IHGF Delhi Fair experience, national awardee crafts persons are featured in a specially curated thematic setting, offering live demonstrations of their traditional skills. These master artisans, representing diverse regions of India, bring to life the richness of the country's heritage crafts. Their participation not only showcases the intricate techniques passed down through generations but also provides visitors with a rare opportunity to witness these art forms first hand. The showcase includes celebrated crafts such as Metal Engraving, Lac Bangle Making, Pashmina Sozni Embroidery, Madhubani Painting, Sikki Grass Art, and Hand Painting, many of which hold Geographical Indication (GI) certification, attesting to their regional authenticity."

Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH, informed, "Our exhibitors at the IHGF Delhi Fair have dedicated significant effort to product design and development, ensuring their offerings align with evolving market trends and international buyer preferences. This proactive approach to innovation and quality has resonated strongly with global audiences. The enthusiastic response from international buyers highlights the positive sentiment surrounding this edition of the Fair. This momentum is equally echoed by both new and returning visitors from India's leading retail and online brands, further validating the Fair's position as a vital sourcing platform for handcrafted excellence and trend-forward collections."

Welcoming all to the 59th edition of IHGF Delhi Fair, Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman II, EPCH, remarked, "This event stands tall as one of the largest and most prestigious trade fairs in the country. It is a shining testimony to the entrepreneurial spirit and creativity of our member exporters, who have proudly presented their exquisite

craftsmanship and unique offerings to the world for nearly three decades.” He added that the next two days will feature seminars on AI in Product Design: Redefining Trends for Tomorrow; Safeguarding Business Transactions through Cyber Security Services in Digital Era; and Leveraging AI-Powered Software for Optimizing Export Operation, designed to empower participants and enhance their business acumen. An engaging workshop on The Art of Attraction: Visual Merchandising Strategies for Impactful Booths is aimed at helping exhibitors elevate their presentation and buyer engagement.

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH said, “that the continued trust of international buyers in EPCH is evident, with consistent participation at IHGF Delhi Fair for over three decades. This edition too began on a vibrant note, with active buyer registrations and a dynamic atmosphere across the venue, marked by bustling halls and meaningful business engagements throughout the day.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. An estimated provisional exports of handicrafts during the year 2024-25 was Rs. 33,490.79 Crores (US $ 3959.86 Million) informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English with photos









**Photo 1 & 2:** Shri. Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India inaugurated 59th IHGF Delhi Fair – Spring 2025 in the august presence of Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH; Mr. Nirmal Bhandari, President, IHGF Delhi Fair Reception Committee Spring 2025; Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH; EPCH COA Members: Mr. Ravi K Passi, Mr. Avdesh Aggarwal, Mr. Salman Azam, Mr. K. N. Tulasi Rao, Mr. O P Prahladka , Mr. Hansraj Baheti, Mr. Nadeem Ahmad Khan and Mr. Kamal Kaushal Varshney, Vice-Presidents Fair Reception Committee and Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH today at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida.




**Photo 3:** Shri. Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India alongwith Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH and Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH interacted with participating member exporters during 59th IHGF Delhi Fair Spring 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida.



Photo 4: Buyers doing business transaction at 59th IHGF Delhi Fair Spring 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida